प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- आज शिक्षक दिवस है–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षकों और विद्यार्थियों से स्वदेशी उत्पादों, "मेक इन इंडिया" और "वोकल फॉर लोकल" को बढ़ावा देने का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर – जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी मंत्रियों, विधायकों और सचिवों को अपने प्रभार वाले जिलों में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिये।
- प्रदेशभर में पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद–उन–नबी पर आज विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिक्षक आमतौर पर अपने विद्यार्थियों को होमवर्क देते हैं, लेकिन वे बदलाव के लिए शिक्षकों को एक "होमवर्क" देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों और "मेक इन इंडिया" और "वोकल फॉर लोकल" को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के साथ मिलकर अभियान चलाएं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत में, श्री मोदी ने स्कूलों से 'स्वदेशी दिवस' या 'स्वदेशी सप्ताह' जैसे अवसर मनाने का आग्रह किया और कहा कि वे विद्यार्थियों को अपने घरों से स्थानीय उत्पाद लाने और उससे संबंधित अनुभव साझा करने के लिए प्रेरित करें। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि विद्यार्थी स्वदेशी उत्पादों के समर्थन में तख्तियाँ लेकर गाँवों में मार्च में भी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ नागरिकों को मेड इन इंडिया का उपयोग करने और स्थानीय उत्पादों के लिए मुखर होने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

.......

श्री मोदी ने कला और शिल्प कक्षाओं तथा स्कूल समारोहों में स्वदेशी सामग्रियों के उपयोग के लिए भी शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाये ताकि भारत में उत्पादित वस्तुओं के प्रति गौरव की भावना को बढ़ावा मिले।

0000

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी शिक्षक दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह जयपुर के बिडला सभागार में आयोजित होगा। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री तथा तकनीक और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शामिल होगें। अजमेर में आज केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी चयनित शिक्षकों को "शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार" से सम्मानित करेंगे। इससे पहले कल शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर के बिडला सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षक–प्रतिभागियों ने लोकगीत, नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और शिक्षा जगत की उपलब्धियों को जीवंत किया।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर – जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है। श्री मोदी ने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से

मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं जैसी ज़रूरी वस्तुओं पर कर पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि दो कर स्लैब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे।

......

उन्होंने कहा कि लोगों को नवरात्रि के पहले दिन से ही लाभ मिलना शुरू हो जाएगा और इस बार धनतेरस और भी ज़्यादा रौनक वाला होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में "पंच रत्न" को शामिल किया है – सरल कर प्रणाली, नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर, उपभोग और विकास को बढ़ावा, व्यापार में आसानी के माध्यम से निवेश और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन और विकसित भारत के लिए सहकारी संघवाद को मज़बूत करना।

0000

सीकर के पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में कल दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की नवनिर्मित मीडिया लैब और रेडियो राजस्थान 91 पॉइन्ट 2 कम्युनिटी रेडियो का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अहंकार का त्याग कर अर्जुन की तरह एकाग्रता के साथ अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने एकात्म मानवतावाद के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इच्छा शक्ति और संयम के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और राहत और बचाव कार्य का सघन निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से भी आज से 7 सितम्बर तक अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों में दौरा कर प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करने को कहा है। श्री शर्मा ने प्रभारी सचिवों को भी दौरा कर आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने विधायकों को अपने क्षेत्र में जिला कलक्टर और उच्च अधिकारियों के साथ नियमित बैठक करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने विधायकों को प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों का मनोबल बढ़ाने, निचले इलाकों से लोगों को समय पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन पैकेट, पीने का पानी, दवाइयों और कपड़ो के वितरण की निगरानी करने को भी कहा है। इससे पहले श्री शर्मा ने प्रदेश में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति पर विधानसभा में विधायकों के साथ चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तात्कालिक राहत के साथ–साथ बारिश और बाढ़ से होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार दीर्घकालिक योजनाएं भी बना रही है।

00000

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क–एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग–2025 जारी किया। रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी मद्रास शीर्ष पर है। इसके बाद भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु और आईआईटी बॉम्बे को स्थान मिला है। इसके अलावा, आईआईटी मद्रास ने इंजीनियरिंग संस्थानों की श्रेणी में जबकि आईआईएम, अहमदाबाद ने प्रबंधन संस्थानों की श्रेणी में, दिल्ली के एम्स ने मेडिकल श्रेणी में और नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु ने विधि संस्थानों की श्रेणी में पहला स्थान पाया है।

0000

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद–उन–नबी, आज देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षा से सम्बंधित "मिलाद महफिलें" और "सीरत सम्मेलन" आयोजित किए जा रहे हैं और मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि पैगंबर मुहम्मद ने लोगों को एकता और मानवता की सेवा का संदेश दिया था। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन सभी को उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लोग पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेंगे और प्रेम एवं भाईचारे की भावना से आगे बढ़ेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी ईद मिलाद–उन–नबी की शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी जयपुर में बारावफात का जुलूस निकाला जायेगा। जो चारदरवाजा से होता हुआ कर्बला तक जायेगा। जुलूस के दौरान शहर में यातायात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। अजमेर में भी हर्षोल्लास के साथ बारावफात का त्यौहार मनाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने

बताया कि इस अवसर पर जुलूस भी निकाला जायेगा, जिसमें झांकियों की मदद से आमजन को मोहम्मद साहब की शिक्षाओं और संदेशों की जानकारी भी दी जाएगी।

.....

0000